>

Title: Need to review the proposed shifting of Mega Power Plant of NTPC from Chitrakoot, Uttar Pradesh.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): मेरे द्वारा नियम 377 के तहत मांगी गई सूचना के तहत माननीय ऊर्जा मंत्री जी ने लिखित उत्तर में अवगत कराया था कि उ0 प्र0 के बरगढ़ क्षेत्र में एन0टी0पी0सी0 द्वारा 4000 मेगावाट का विद्युत उत्पादन केन्द्र बनाए जाने की कार्यवाही हो चुकी है। भूमि अधिग्रहण हेतु प्रदेश सरकार से वार्ता जारी है। किन्तु अभी हाल ही में मुझे ज्ञात हुआ है कि उक्त एन0टी0पी0सी0 प्लान्ट को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले से स्थानांतरित कर अन्यत्र कहीं स्थापित किया जा रहा है। जिससे चित्रकूट की जनता के साथ अन्याय हो रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि प्रस्तावित एन0टी0पी0सी0 का मेगा पावर प्लांट चित्रकूट में ही जल्द से जल्द लगाने की कार्रवाई की जाए।